दिनांक-14.01.2025 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रयागराज महाकुंभ में मकर सक्रांति के अवसर पर प्रथम अमृत स्नान जारी।
- मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार प्रदेश के धार्मिक नगरों में शराब बंदी लागू करने पर कर रही है विचार।
- मकर सक्रांति आज, आनंद उत्सव के तहत प्रदेश में 28 जनवरी तक होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड के बीच कई जिलों में बारिश की संभावना। भोपाल, विदिशा में छाया कोहरा।

महाकुंभ-2025

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम-महाकुंभ में आज मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रथम अमृत स्नान जारी है। ढोल नगाड़ों और हर-हर गंगे के उद्घोष के साथ विभिन्न अखाड़ों के संत और महंत और श्रद्धालु इस दिव्य और भव्य महाकुंभ में पहुंच रहे हैं। कल पौष पूर्णिमा के अवसर पर एक करोड़ पचास लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई।

अमृत स्नान करने पहुंचे श्री पंचायत अखाड़ा महानिर्वाणी के स्वामी परमात्मानंद महाराज, ने बताया, कि इस बार शाही स्नान का नाम बदलकर अमृत स्नान कर दिया गया है।

शराब बंदी

प्रदेश सरकार धार्मिक नगरों में शराबबंदी लागू करने पर विचार कर रही है। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक वीडियो संदेश में दी।

वीसी-संजीव शर्मा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार शराब नीति में सुधार कर इस नीति को लागू करने पर विचार कर रही है।

उन्होंने कहा कि धार्मिक नगरों का वातावरण प्रभावित होने संबंधी शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। सरकार का प्रयास है कि इन नगरों की पवित्रता अक्षुण्ण रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही निर्णय लेकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी।
संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

प्रधानमंत्री - मिशन मौसम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर मिशन मौसम का शुभारंभ करेंगे। इसका लक्ष्य देश को प्रत्येक मौसम और जलवायु का सामना करने के लिए स्मार्ट राष्ट्र बनाना है। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे।

मुख्यमंत्री उद्योगपति

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कल रीवा एयरपोर्ट से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शहडोल संभाग के उद्योगपतियों से संवाद किया। शहडोल में 16 जनवरी को आयोजित हो रही रीजनल इन्वेस्टर्स मीट के संबंध में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए बड़ी संख्या में निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। अब तक तीन लाख 75 हजार करोड़ से अधिक के प्रस्ताव मिल चुके हैं। इनसे लगभग 84 हजार रोजगार के सृजन की संभावना है। उन्होने बताया कि शहडोल संभाग में भी अब तक 20 हजार करोड़ के प्रस्ताव मिले हैं।

नेट परीक्षा - स्थगित

कल होने वाली यूजीसी-नेट दिसंबर 2024 परीक्षा स्थगित कर दी गई है। नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने एक वक्तव्य में कहा है कि 15 जनवरी को पोंगल, मकर संक्रांति और अन्य त्योहार होने के कारण यूजीसी-नेट परीक्षा स्थगित करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि 16 जनवरी को होने वाली परीक्षा तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगी।

मकर संक्रांति

आज मकर संक्रांति का पर्व देश के विभिन्न भागों में पारम्परिक रीति रिवाजों के साथ मनाया जा रहा है। मकर संक्रांति का पर्व हेमंत ऋतु की समप्ति खत्म होकर शिशिर ऋतु की शुरुआत का प्रतीक है। इस त्यौहार को देश के विभिन्न भागों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। इसे तमिलनाडु में पोंगल, गुजरात में उत्तरायण, असम में भोगाली बिहू और पश्चिम बंगाल में पौष संक्रांति के रूप में मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मकर संक्रांति पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मकर संक्राति पूरे प्रदेश में महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाई जा रही है। खंडवा जिले के ओमकारेश्वर में आज हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में डुबकी लगाकर भगवान ओमकारेश्वर एवं भगवान ममलेश्वर के दर्शन किए। आगरमालवा में मकर सक्रांती का पर्व उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जा रहा है। युवाओं व बच्चों द्वारा सुबह से ही छतों पर संगीत की धुन के साथ जमकर पंतगबाजी की जा रही है। प्रदेश सरकार ने स्थानीय अवकाश घोंषत किया है।

आनंद उत्सव

राज्य आनंद संस्थान-आनंद विभाग के निर्देशन में इंदौर जिला प्रशासन द्वारा आज से 28 जनवरी तक ज़िले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आनंद उत्सव मनाया जायेगा। उत्सव में नागरिकों में सहभागिता एवं उत्साह को बढ़ाने के लिये समूह स्तर पर खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे । आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं वरन सहभागिता होगी। प्रचलित परम्परागत खेल-कूद जैसे कबड्डी, खो-खो, बोरा रेस आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे लोक संगीत, नृत्य, गायन, भजन, कीर्तन, नाटक आदि कार्यक्रम किये जायेंगे । प्रदेश के अन्य जिलों में भी इस संबंध में गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

शिवराज-सोयाबीन एमएसपी

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक, 13 लाख 68 हजार क्विंटल से अधिक सोयाबीन की खरीद की है। कल नई दिल्ली में उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में सोयाबीन की खरीद की समयसीमा इस महीने की 31 तारीख तक और राजस्थान के लिए 4 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। श्री शिवराज सिंह उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। कृषि मंत्री ने राज्यों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि किसानों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक उपलब्ध कराए जाएं।

मौसम

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी के बीच आज डिंडौरी, मंडला और बालाघाट जिलों में बारिश की संभावना है। इसके अलावा गुना, सतना, शाजापुर, उमरिया सहित 6 जिलों में कोल्ड-डे के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल, विदिशा, सीहोर जिलों में आज सुबह मध्यम कोहरा छाया हुआ है। कल प्रदेश में सबसे कम तापमान नीमच के मरूखेड़ा में 6 दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

खो खो विश्व कप

खो-खो विश्व कप-2025 की कल से नई दिल्ली में शुरूआत हो गई है। भारत ने कल रात समूह ए के मुकाबले में नेपाल को 42-37 से हराकर अपने विजय अभियान की शुरूआत की।

इस प्रतियोगिता में 20 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। 17 जनवरी को क्वार्टर फाइनल और 18 जनवरी को सेमीफाइनल खेला जाएगा। फाइनल 19 जनवरी को होगा।

मुकाबले से पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने खो खो विश्व कप 2025 की औपचारिक मशाल प्रज्ज्वलित की, जो खेल भावना, एकता और भारत के पारंपरिक खेल के वैश्विक उत्सव का प्रतीक है।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कल ग्राम बामोरा में 2.5 करोड़ रूपये लागत से बने 5 एमव्हीए की क्षमता से नव निर्मित 33/11 के.वी. उप-केन्द्र का लोकार्पण किया।

- बैतूल के मुलताई फ्यूल के रूप में उपयोग होने वाली लिक्विड यूरिया का नकली निर्माण करते हुए आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है छापामार कार्यवाही में पुलिस को 1700 लीटर लिक्विड यूरिया सहित कई नामी कंपनियों की बाल्टियां पुलिस ने बरामद की है।
- गुना कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह की अध्यपक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में साप्ता हिक समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा के दौरान 100 दिवस से अधिक सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये।
- पन्ना जिले मे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वार्ड वार शिविरों का आयोजन आज किया जाएगा
- डिंडोरी में कलेक्टर हर्ष सिंह ने कल समय सीमा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा के साथ 100 दिवस निश्चय अभियान की जानकारी ली।
- श्योपुर जिले की सांस्कृतिक विरासत सहरिया लोकनृत्य ‘‘लहंगी’’ के कलाकारो का दल दिल्ली में गणतंत्र दिवस के दौरान मध्यप्रदेश की झांकी के साथ नृत्य की प्रस्तुती देने के लिए नामांकित किया गया है।
- धार जिला मुख्यालय पर समय अवधी पत्रों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के मामलों के निराकरण की पेंडेंसी होने पर संबंधित अधिकारियों के ख़िलाफ़ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।
- खंडवा जिले में ठंड के चलते देखते हुए कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने आज मंगलवार को स्कूलों में छुट्टी के आदेश जारी किए है।जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से जारी आदेश के अनुसार मंगलवार को नर्सरी से 8वीं तक के स्कूलों में छुट्टी रहेगी।

-------------

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रयागराज महाकुंभ में मकर सक्रांति के अवसर पर प्रथम अमृत स्नान जारी।
- मुख्यमंत्री ने कहा– सरकार प्रदेश के धार्मिक नगरों में शराब बंदी लागू करने पर कर रही है विचार।
- मकर सक्रांति आज, आनंद उत्सव के तहत प्रदेश में 28 जनवरी तक होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम।

**और**

- प्रदेश में कड़ाके की ठंड के बीच कई जिलों में बारिश की संभावना। भोपाल, विदिशा में छाया कोहरा।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**महाकुंभ–2025**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम–महाकुंभ में आज मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रथम अमृत स्नान जारी है। ढोल नगाड़ों और हर–हर गंगे के उद्‌घोष के साथ विभिन्न अखाड़ों के संत और महंत और श्रद्धालु इस दिव्य और भव्य महाकुंभ में पहुंच रहे हैं। कल पौष पूर्णिमा के अवसर पर एक करोड़ पचास लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई।

अमृत स्नान करने पहुंचे श्री पंचायत अखाड़ा महानिर्वाणी के स्वामी परमात्मानंद महाराज, ने बताया, कि इस बार शाही स्नान का नाम बदलकर अमृत स्नान कर दिया गया है।

**बाईट– परमात्मानंद महाराज**

**शराब बंदी**

प्रदेश सरकार धार्मिक नगरों में शराबबंदी लागू करने पर विचार कर रही है। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक वीडियो संदेश में दी।

**वीसी–संजीव शर्मा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार शराब नीति में सुधार कर इस नीति को लागू करने पर विचार कर रही है।

**बाइट–मुख्यमंत्री**

उन्होंने कहा कि धार्मिक नगरों का वातावरण प्रभावित होने संबंधी शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। सरकार का प्रयास है कि इन नगरों की पवित्रता अक्षुण्ण रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही निर्णय लेकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी।

संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

**प्रधानमंत्री – मिशन मौसम**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर मिशन मौसम का शुभारंभ करेंगे। इसका लक्ष्य देश को प्रत्येक मौसम और जलवायु का सामना करने के लिए स्मार्ट राष्ट्र बनाना है। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे।

**मुख्यमंत्री उद्योगपति**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कल रीवा एयरपोर्ट से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शहडोल संभाग के उद्योगपतियों से संवाद किया। शहडोल में 16 जनवरी को आयोजित हो रही रीजनल इन्वेस्टर्स मीट के संबंध में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए बड़ी संख्या में निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। अब तक तीन लाख 75 हजार करोड़ से अधिक के प्रस्ताव मिल चुके हैं। इनसे लगभग 84 हजार रोजगार के सृजन की संभावना है। उन्होने बताया कि शहडोल संभाग में भी अब तक 20 हजार करोड़ के प्रस्ताव मिले हैं।

**नेट परीक्षा – स्थगित**

कल होने वाली यूजीसी–नेट दिसंबर 2024 परीक्षा स्थगित कर दी गई है। नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने एक वक्तव्य में कहा है कि 15 जनवरी को पोंगल, मकर संक्रांति और अन्य त्योहार होने के कारण यूजीसी–नेट परीक्षा स्थगित करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि 16 जनवरी को होने वाली परीक्षा तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगी।

**मकर संक्रांति**

आज मकर संक्रांति का पर्व देश के विभिन्न भागों में पारम्परिक रीति रिवाजों के साथ मनाया जा रहा है। मकर संक्रांति का पर्व हेमंत ऋतु की समप्ति खत्म होकर शिशिर ऋतु की शुरुआत का प्रतीक है। इस त्यौहार को देश के विभिन्न भागों में अलग–अलग नामों से जाना जाता है। इसे तमिलनाडु में पोंगल, गुजरात में उत्तरायण, असम में भोगाली बिहू और पश्चिम बंगाल में पौष संक्रांति के रूप में मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मकर संक्रांति पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मकर संक्राति पूरे प्रदेश में महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाई जा रही है। खंडवा जिले के ओमकारेश्वर में आज हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में डुबकी लगाकर भगवान ओमकारेश्वर एवं भगवान ममलेश्वर के दर्शन किए। आगरमालवा में मकर सक्रांती का पर्व उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जा रहा है। युवाओं व बच्चों द्वारा सुबह से ही छतों पर संगीत की धुन के साथ जमकर पंतगबाजी की जा रही है। प्रदेश सरकार ने स्थानीय अवकाश घोंषित किया है।

आनंद उत्सव

राज्य आनंद संस्थान–आनंद विभाग के निर्देशन में इंदौर जिला प्रशासन द्वारा आज से 28 जनवरी तक ज़िले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आनंद उत्सव मनाया जायेगा। उत्सव में नागरिकों में सहभागिता एवं उत्साह को बढ़ाने के लिये समूह स्तर पर खेल–कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे । आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं वरन सहभागिता होगी। प्रचलित परम्परागत खेल–कूद जैसे कबड्डी, खो–खो, बोरा रेस आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे लोक संगीत, नृत्य, गायन, भजन, कीर्तन, नाटक आदि कार्यक्रम किये जायेंगे । प्रदेश के अन्य जिलों में भी इस संबंध में गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

शिवराज–सोयाबीन एमएसपी

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक, 13 लाख 68 हजार क्विंटल से अधिक सोयाबीन की खरीद की है। कल नई दिल्ली में उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में सोयाबीन की खरीद की समयसीमा इस महीने की 31 तारीख तक और राजस्थान के लिए 4 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। श्री शिवराज सिंह उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। कृषि मंत्री ने राज्यों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि किसानों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक उपलब्ध कराए जाएं।

**बाईट– शिवराज सिंह चौहान**

**मौसम**

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी के बीच आज डिंडौरी, मंडला और बालाघाट जिलों में बारिश की संभावना है। इसके अलावा गुना, सतना, शाजापुर, उमरिया सहित 6 जिलों में कोल्ड–डे के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल, विदिशा, सीहोर जिलों में आज सुबह मध्यम कोहरा छाया हुआ है। कल प्रदेश में सबसे कम तापमान नीमच के मरूखेड़ा में 6 दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

खो खो विश्व कप

खो–खो विश्व कप–2025 की कल से नई दिल्ली में शुरूआत हो गई है। भारत ने कल रात समूह ए के मुकाबले में नेपाल को 42–37 से हराकर अपने विजय अभियान की शुरूआत की।

इस प्रतियोगिता में 20 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। 17 जनवरी को क्वार्टर फाइनल और 18 जनवरी को सेमीफाइनल खेला जाएगा। फाइनल 19 जनवरी को होगा।

मुकाबले से पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने खो खो विश्व कप 2025 की औपचारिक मशाल प्रज्ज्वलित की, जो खेल भावना, एकता और भारत के पारंपरिक खेल के वैश्विक उत्सव का प्रतीक है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कल ग्राम बामोरा में 2.5 करोड़ रूपये लागत से बने 5 एमव्हीए की क्षमता से नव निर्मित 33/11 के.वी. उप–केन्द्र का लोकार्पण किया।
- बैतूल के मुलताई फ्यूल के रूप में उपयोग होने वाली लिक्विड यूरिया का नकली निर्माण करते हुए आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है छापामार कार्यवाही में पुलिस को 1700 लीटर लिक्विड यूरिया सहित कई नामी कंपनियों की बाल्टियां पुलिस ने बरामद की है।
- गुना कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह की अध्यपक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में साप्ता हिक समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा के दौरान 100 दिवस से अधिक सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये।
- पन्ना जिले मे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वार्ड वार शिविरों का आयोजन आज किया जाएगा
- डिंडोरी में कलेक्टर हर्ष सिंह ने कल समय सीमा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा के साथ 100 दिवस निक्षय अभियान की जानकारी ली।

- श्योपुर जिले की सांस्कृतिक विरासत सहरिया लोकनृत्य ''लहंगी'' के कलाकारो का दल दिल्ली में गणतंत्र दिवस के दौरान मध्यप्रदेश की झांकी के साथ नृत्य की प्रस्तुती देने के लिए नामांकित किया गया है।
- धार जिला मुख्यालय पर समय अवधी पत्रों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के मामलों के निराकरण की पेंडेंसी होने पर संबंधित अधिकारियों के ख़िलाफ़ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।
- खंडवा जिले में ठंड के चलते देखते हुए कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने आज मंगलवार को स्कूलों में छुट्टी के आदेश जारी किए है।जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से जारी आदेश के अनुसार मंगलवार को नर्सरी से 8वीं तक के स्कूलों में छुट्टी रहेगी।

———————————